तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि


रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 भाजपा सदस्य बनाने अब गरबा और दुर्गा पंडालों की शरण में



11 नगर निगम ने सरकारी जमीन पर बना दी दुकानें...



## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

## नांदघाट क्षेत्र में नजर आ रही निर्माण में लापरवाही

# नेशनल हाईवे पर जगह-जगह चौड़ी दरारें, बढ़ी दुर्घटना की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अंतर्गत बेमेतरा ज़िला के नांदघाट सेक्शन में स्थित करीब 15 किलोमीटर की नेशनल हाईवे पर इन दिनों जगह-जगह दोनों ओर बड़ी-बड़ी दरारें दिखाई दे रही हैं।

वहीं, एनएचआई विभाग के अफसरों द्वारा धीमी गति से मरम्मत करवाकर औपचारिकता निभाई जा रही है। लिहाजा आलम यह है कि ज़िला क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे की सड़कों पर दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ गया है। ज्ञात हो कि नांदघाट सेक्शन में बेमेतरा ज़िला के आधा दर्जन गाँव पड़ते हैं, जहाँ से रोजाना स्थानीय आवागमन के अलावा बड़ी संख्या में अंतर्राज्यीय एवं अंतर्जिला आवागमन होता है। चूंकि इंटरस्टेट व इंटर रीजन आवाजाही निरन्तर होने से यहां पर सड़क की स्थिति खराब होने पर हादसे की आशंका बनी रहती है। जिस पर नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया डिपार्टमेंट के अफसरों द्वारा दरारों की मरम्मत के नाम पर मात्र लीपापोती की जा रही है।

■ अब विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर हो रही खानापूर्ति

सीसी रोड की सड़क पर कई जगह दरारों के साथ गड्ढे भी बन रहे हैं। इस पर मटेरियल के उखड़कर सड़क पर बिखरे होने से भी नेशनल हाइवे पर सफर करने वाले राहगीरों एवं मुसाफिरों का काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## जायजा : नवरात्रि पर्व पर भीड़ के दौरान व्यवस्था बनाए रखने दिए दिशानिर्देश

# जिले के प्रमुख मंदिरों में पहुंचे कलेक्टर व एसपी, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने नवरात्रि पर्व पर शहर एवं ग्रामों का भ्रमण कर क़ानून व्यवस्था का जायज़ा लिया। कलेक्टर पहले माता भद्रकाली मंदिर, सिद्ध शक्ति माता कालिका एवं भैरव बाबा मंदिर स्थल पहुँचे। इस दौरान उन्होंने दर्शनार्थियों से भी मुलाकात की और उनके कुशल मंगल की जानकारी ली। उन्होंने दर्शनार्थियों से यात्रा के दौरान मिलने वाली सुविधाओं और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही, उन्होंने सुनिश्चित किया कि भक्तों की सुविधाओं और सुरक्षा के लिए मंदिर प्रशासन द्वारा प्रभावी प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र सक्रिय और प्रभावी रूप से कार्यरत है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। उन्होंने दर्शनार्थियों से उनकी समस्याओं और अनुभवों के बारे में पूछा, जैसे कि मंदिर में उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा, और दर्शन की प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी परेशानी के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा को दूर करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, संयुक्त कलेक्टर भारद्वाज, बेमेतरा एसडीएम घनश्याम तवर, बेरला एसडीएम पिंकी मनहर,कालिका मंदिर सदस्य एवम पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, सिद्धमाता मंदिर समिति के अध्यक्ष रामकुमार साहू, सरपंच सेवाराम साहू, सिद्धमाता मंदिर के सदस्यगण सहित अन्य जनमानस उपस्थित रहे।

■ माता भद्रकाली, सिद्ध शक्ति माता कालिका, भैरव बाबा व संडी स्थित सिद्धमाता मंदिर में की पूजा



**ज्यादा भीड़ वाले दिनों में व्यवस्था पर दें विशेष ध्यान**

कलेक्टर तथा एसपी ने विशेष रूप से सप्तमी, अष्टमी पर श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ की संभावनाओं को देखते हुए समुचित प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन के लिए इंतजाम के निर्देश दिए। एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थानप्रभारी को नवरात्रि के दौरान सभी प्रमुख स्थानों का समय-समय पर भ्रमण कर व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया। इसके साथ ही स्वास्थ्य की टीम तैनात करने को कहा।

### समिति के लोगों से मांगे सुझाव

अपने दौरे के दौरान कलेक्टर शर्मा संडी स्थित सिद्धमाता मंदिर पहुँचे। वहां उन्होंने माता से बेमेतरा की जनमानस की शांति एवं समृद्धि की कामना की। दर्शनार्थियों से मिल कर कुशलक्षेम पूछा। मंदिर समिति के लोगों से मुलाकात कर व्यवस्था को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही शांति एवं क़ानून व्यवस्था बनाये रखने समस्त पहलुओं पर ध्यान रखने को कहा। उन्होंने समिति के लोगों से वर्तमान सुरक्षा व्यवस्थाओं पर चर्चा की और किसी भी संभावित समस्या के समाधान के लिए सुझाव मांगे। साथ ही, आगामी त्यौहारों या भीड़भाड़ वाले दिनों के लिए बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया ताकि शांति और सुरक्षा बनाए रखी जा सके।

# राम मंदिर की जमीन मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका भाजपा नेता का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्री रामचंद्र मंदिर ग्राम मजगांव की जमीन खरीदी-बिक्री की रजिस्ट्री को निरस्त करने की मांग को लेकर कांग्रेस जनों ने भाजपा नेताओं का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया।

जिला मुख्यालय स्थित बी सिग्नल चौक पर मंगलवार को शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राम मंदिर जमीन खरीदी-बिक्री करने वाले भाजपा नेता के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए भाजपा का पुतला फूंका। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी जनता के सामने आ रही है। कांग्रेस ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करते हुए राम मंदिर की भूमि जो भाजपा नेता के नाम से नामांतरित हुआ है, उसे निरस्त करें और जमीन खरीदी बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ जांच कर अपराध दर्ज कराई जाए।

■ राम मंदिर जमीन का नामांतरण निरस्त करने की मांग की

पुतला दहन के दौरान शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, अवनीश राघव, टीआर जनार्दन, जोगेंद्र छाबड़ा पार्षद मनोज शर्मा, राम ठाकुर ,अजय सेन, जनता साहू सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नवागांव शासकीय स्कूल में होगा अतिरिक्त कक्ष निर्माण

**बेमेतरा।** खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की पहल पर विकासखंड नवागढ़ अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला, नवागांव में 5 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए 36 लाख 11 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस निर्णय से स्कूल में अध्ययन-अध्यापन की सुविधा में सुधार होगा, जिससे छात्र-छात्राओं को शिक्षा का बेहतर वातावरण प्राप्त होगा। विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में देखते हुए स्कूल प्रशासन ने अतिरिक्त कक्षों की मांग की थी। मंत्री श्री बघेल की पहल पर इसके लिए राशि स्वीकृत हो गई। स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मंत्री बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### खैरवाही में छड़ व केबल की चोरी

**बालोद।** ग्राम खैरवाही में एसएसजी शेड निर्माण कार्य के लिए रखी छड़ और केबल की चोरी हो गई। अज्ञात चोर करीब 26 हजार रुपए का सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद ग्राम पंचायत खैरवाही के सरपंच बुढ़ान सिंह ने अज्ञात चोर के खिलाफ डौंडी थाना में रिपोर्ट लिखाई है। सरपंच ने बताया कि 4 सितंबर को दोपहर 3 बजे आनंद जैन डौंडी के पास से 12 एमएम की 3 बंडल छड़, 10 एमएम की 1 बंडल छड़, 8 एमएम की 2 बंडल छड़ मंगाई गई थी।

# भैंसा आकर प्लांट्स निकलने वाले बदबू और प्रदूषण की हकीकत जानें अधिकारी



■ प्रदर्शनकरियों ने कलेक्टर व एसपी को पीला चावल, सुपारी और श्रीफल भेंटकर दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पथर्रा में एथेनाल प्लांट बंद करने की मांग को लेकर आंदोलन के सोलहवें दिन प्रदर्शनकरियों ने कलेक्टर और एसपी सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों को पीला चावल, सुपारी और श्रीफल भेंटकर ग्राम भैंसा में निर्मित एथेनाल प्लांट आकर वस्तु स्थित का जायजा लेने आमंत्रित किया

ताकि प्लांट्स निकलने वाले बदबू और प्रदूषण की हकीकत जान सकें। इस दौरान प्रमील तिवारी के साथ क्षेत्र के सरपंच, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण किसान शामिल रहे।

प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन को बताया कि जिस तरह आप लोगों के द्वारा वातानुकूलित चेंबर में बैठकर सुनहरे सपने दिखाने का काम चल रहा है, वो पूरी तरह निराधार है। भैंसा का एथेनाल प्लांट और मुलमुला के पोल्ट्री फार्म की बदबू गंदगी और प्रदूषण से पूरा क्षेत्र का हाल एवं जीवन नारकीय हो चुका है। जहां तक सवाल रोजगार का है, इस क्षेत्र में कृषि कार्य से लोग खुशहाल हैं। यहां बेरोजगारी नहीं बल्कि मेन पावर की कमी महसूस की जा रही है। इन प्लांट में जो लोग काम करने आ रहे हैं उनका चरित्र सत्यापन नहीं होने के कारण यहां का माहौल लगातार खराब हो रहा है। इस क्षेत्र में एक रात्रि विश्राम करने का आग्रह इन अधिकारियों से किया। उन्होंने कहा कि रुकने के साथ अन्य व्यवस्था के सारे खर्च का वहन हम करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकार साथियों को भी निमंत्रण दिया और प्रशासन को इस क्षेत्र के बदहाली ▶▶| शेष पेज 11 पर

# सण्डी का ब्रिज निर्माण पूरा नहीं लगा सुरक्षा गर्डर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


लोक निर्माण सेतु संभाग दुर्ग एवं उपसंभाग कवर्धा अंतर्गत बेमेतरा ज़लि के बेरला क्षेत्र में सण्डी गाँव के समीप आवागमन के लिए डोन्टू नाले पर एक ब्रिज का निर्माण किया गया है।

इसके तहत पुल के निर्माण कार्य को पूरा हुए कई महीने बीत चुके हैं, किंतु अभी तक इस पुल पर सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से जरूरी साइड गर्डर को पूरी तरह नहीं लगाया है। चूँकि दोनों ओर के साइड में गर्डर नहीं होने से वाहन चालकों के गिरने की भय बना हुआ है। वहीं, इसी बीच अब तक पुल निर्माण के उपरांत भी कार्य अधूरे नज़र आ रहे हैं। चूँकि पुल निर्माण में क्रियान्वयन के दौरान विभाग की गाइडलाइन एवं दिशानिर्देश को बारीकी से ध्यान दिया जाता है, किंतु सेतु विभाग के ऑफिसर अपनी मनमानियों से निर्माण कार्य को अंजाम देते हैं, जिसका ताज़ा नज़ारा इन दिनों सण्डी गाँव के ब्रिज की स्थिति को देखकर लगाया जा सकता है। अभी से पुल का एप्रोच जमीन में नीचे की ओर धंसने लगा है। वहीं, साइड सोल्डर में भी दरारों व गड्ढों को विभाग द्वारा अस्थायी मरम्मत करवाकर छिपाया जा रहा है। इसके अलावा पुल पर दरारें ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ सेतु विभाग की लापरवाही के कारण पुल पर मंडरा रही दुर्घटना की आशंका

श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



जन्म 17.12.1942

निर्वाण 30.09.2024

स्व. श्री अजय सिंह परिहार

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

**स्व. श्री अजय सिंह परिहार**

अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा (82 वर्ष) पूर्ण कर

दिनांक 30 सितम्बर 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गये हैं।

कार्यक्रम

दशगात्र : 09 अक्टूबर 2024, बुधवार (प्रयागराज में)

तेरहवीं, श्रद्धांजलि व शांति भोज : 13 अक्टूबर 2024, रविवार

स्थान : रायल पार्क, अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर

समय : दोपहर 1 से 5 बजे तक

शोकाकुल

श्रीमती किरण सिंह परिहार (धर्मपत्नी)

प्रियंक सिंह परिहार, श्रीयंक सिंह परिहार, मयंक सिंह परिहार (पुत्र)

ऋषभ सिंह परिहार, कृष्णा सिंह परिहार (पौत्र)

प्रताप भान सिंह परिहार(भाई), प्रवीण सिंह परिहार(भाई), नवीन सिंह परिहार(भाई), सुधीर सिंह परिहार (भाई), मनमोहन सिंह परिहार (भतीजा) एवं समस्त परिवार

नोट: जिन स्नेहीजन को किसी कारणवश सूचना नही मिली है इसे ही सूचना मानें।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# आबकारी विभाग की टीम ने जब्त की अवैध शराब, आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** आबकारी विभाग द्वारा ग्राम दाढ़ी मरका रोड पर आरोपी परमानंद कुर्रे के पिता घसिया कुर्रे के वाहन की तलाशी ली गई। मौके पर आरोपी के कब्जे से 36 नग देशी मदिरा प्लेन शराब बरामद की गई। मौके पर शराब सहित दुपहिया वाहन जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड में लिया गया। वहीं, आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना कर रही है। उक्त कार्रवाई में आबकारी वृत्त बेमेतरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक वीणा भंडारी तथा आबकारी उपनिरीक्षक दया लाल साहू, आरक्षक संतोष अहिरवार तथा वाहन चालक शामिल रहे।



खबर संक्षेप

## शंकराचार्य से अमित ने लिया आशीर्वाद



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने सोमवार को देवपुरी, बोरियाकला, रायपुर स्थित शंकराचार्य आश्रम में जाकर राजधानी पहुंचे आदिगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश की शांति, खुशहाली और तरक्की की कामना की।

## प्रमुख लोकायुक्त के पेंशन नियम में बदलाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रमुख लोकायुक्त को दी जाने वाली पेंशन के नियम में बदलाव किया है। छत्तीसगढ़ लोक आयोग अधिनियम, 2002 व उसकी धाराओं द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ प्रमुख लोकायुक्त एवं लोकायुक्त (सेवा की शर्तें) नियम, 2008 में अग्रतर संशोधन किया गया है। **अब हुआ ये संशोधन :** देय पेंशन के संबंध में प्रमुख लोकायुक्त को, प्रमुख लोकायुक्त के रूप में सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए, उस दर पर पेंशन का भुगतान किया जाएगा। , जो भारत के उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश के लिए प्रासंगिक विधि द्वारा विहित हो एवं उस पद के लिए स्वीकार्य हो, जिसका वेतन प्रमुख लोकायुक्त को अधिनियम की धारा 4 के अनुसार अंतिम बार प्रदाय किया गया है।

## ट्रैफिक नियम : पोस्टर लगाकर किया जागरूक

**रायपुर।** लायंस क्लब सीनियर द्वारा राजधानी रायपुर में सोमवार को पोस्टर लगाकर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में लायंस क्लब सीनियर के पदाधिकारियों ने लोगों को बताया कि आजकल हर किसी को अपने दोपहिया या चारपहिया से जाना बेहद पसंद है।

## लकड़ी तस्करी मामले में कांग्रेस ने डीएफओ को घेरा

**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने लकड़ी तस्करी के मामले में डीएफओ कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लकड़ी परिवहन में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है, जिसमें वन विभाग की मिलीभगत से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में अवैध लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। जो गोला लट्ठा लकड़ी ओडिशा में बैन है, वह कैसे छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर पहुंच रहा है। बैरियर में जांच के बिना परमिट दिए जाने और फर्म पर अब तक कार्रवाई नहीं किए जाने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, वन विभाग कार्रवाई के नाम पर सिर्फ लीपापोती कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। श्री उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ की कुछ टिम्बर कंपनी, ट्रेडर्स व ठेकेदार ओडिशा से गलत दस्तावेज बनवाकर लकड़ी मंगवा रहे हैं। इसकी जांच छत्तीसगढ़ वन विभाग कर रहा है।

## दशहरा उत्सव पर भव्य कार्यक्रम 12 को

**रायपुर।** लाखे नगर स्थिति सत बहिनिया साईं दरबार में दशहरा उत्सव पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन 12 अक्टूबर को किया जाएगा। इस दिन अंचल के जाने-माने जस गीत गायक दिलीप षड़ंगी भक्तिगीतों की सुंदर प्रस्तुति देने कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। साईं मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष व पूर्व वरिष्ठ पार्षद गोवर्धन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की भव्य तैयारी की अंतिम बैठक मंदिर परिसर में हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक जनों का सम्मान मुख्य अतिथियों द्वारा किया जाएगा साईं दरबार दशहरा उत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव पारस चोपड़ा होंगे।

# नगरीय निकायों के अफसर-कर्मियों को पदोन्नति और समयमान वेतन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संचालनालय ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका और नगर पंचायतों को जारी निर्देश में कहा है कि नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को पदोन्नति एवं समयमान वेतन के संबंध में शासन द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए समय पर निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करें। दूसरी ओर राज्य सरकार के अधीन काम करने वाले अधिकारी कर्मचारी बरसों से चार स्तरीय समयमान वेतन की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नहीं मिला है।

## शासकीय कर्मियों को चार स्तरीय समयमान वेतन की मांग

### यह है समयमान वेतन

समयमान वेतन उन कर्मचारियों-अधिकारियों को दिया जाता है जिनके प्रमोशन की अवधि पूरी होने के बाद भी शासन द्वारा प्रमोट नहीं किया जाता है। ऐसे कर्मचारी-अधिकारियों को प्रमोशन के उपरांत मिलने वाला वेतनमान बिना प्रमोशन प्राप्त हुए दिया जाता है। लिहाजा राज्य के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए ये एक बड़ा मुद्दा है।

सरकारी कर्मियों को अब तक नहीं मिला



### नगरीय प्रशासन ने संचालनालय से मंगाई जानकारी

इधर नगरीय प्रशासन विभाग के सूत्रों का कहना है कि राज्य के नगरीय निकायों में अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं हो पाई है। इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने राज्य के सभी क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों से संभागवार यह जानकारी भी मंगाई है कि निकायों में पदोन्नति के कितने मामले लंबित है। जिन लोगों को पदोन्नति नहीं मिली उनके बारे में भी ब्योरा मंगाया गया है।

### शासकीय कर्मियों को नहीं मिल रहा समयमान वेतन

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक लंबे समय से चार स्तरीय समयमान वेतनमान की मांग कर रहे हैं। लेकिन ये मांग पूरी नहीं हुई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कुछ समय पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मांग रखी थी। शासकीय सेवकों को उनके पूर्ण शासकीय सेवाकाल में 3 उच्च वेतनमान का लाभ उपलब्ध कराने के प्रावधान हैं। इसके अनुसार 30 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने के उपरांत तृतीय समयमान वेतनमान देय किया गया है। इस ज्ञापन के माध्यम से हम कमशः 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष व 30 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने का अनुरोध कर रहे हैं।

प्रदेश में बनाने हैं 60 लाख सदस्य, अब तक बने 35 लाख

# भाजपा सदस्य बनाने अब गरबा और दुर्गा पंडालों की शरण में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा का पूरे राज्य में सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है। इस अभियान के दूसरे चरण में अब धार्मिक आयोजन, सामाजिक संस्थाओं के साथ हर वर्ग पर फोकस किया जा रहा है। इस समय नवरात्रि का पर्व चल रहा है, ऐसे में राजधानी रायपुर में सदस्य बनाने के लिए भाजपा नेता गरबा और दुर्गा पंडालों में भी पहुंच रहे हैं। भाजपा ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें से 35 लाख सदस्य बन गए हैं। अब भी भाजपा लक्ष्य से 25 लाख दूर है। अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा।

भाजपा ने देश भर में सदस्य बनाने का सिलसिला 2 सितंबर से प्रारंभ किया है। प्रदेश में तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सदस्य बनाने के बाद 6 सितंबर से बूथों में सदस्य बनाने का अभियान चला। इसके बाद अब दूसरे चरण में तीन अक्टूबर से जो अभियान प्रारंभ किया गया है, उसमें व्यापारियों, वकील, डॉक्टर, सीए, विद्यार्थियों, युवा, नौकरी पेशा, महिलाओं सहित हर वर्ग के लोगों को सदस्य बनाने का काम किया जा रहा है।

### रायपुर का लक्ष्य एक लाख बढ़ा

रायपुर को पहले तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जब प्रदेश संगठन का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया तो रायपुर के लक्ष्य में भी एक लाख का इजाफा किया गया है। ज्यादातर जिलों का लक्ष्य 20 फीसदी बढ़ाया गया है, लेकिन रायपुर सहित बड़े जिलों का लक्ष्य 30 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ाया गया है।

### गरबा में पहुंचे पवन साय

राजधानी रायपुर में भाजपा के नेता सदस्य बनाने के लिए गरबा में भी जा रहे हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मीडिया विभाग के प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता गरबा में भाजपा के सदस्य बनाने के लिए पहुंचे। यहां पर कई लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। इसी तरह से शहर के अलग-अलग हिस्सों में भाजपा नेता सदस्य बनाने जा रहे हैं। गरबा में पंडाल लगाकर भाजपा के सदस्य बनाने का काम हो रहा है।

# भूपेश बोले- सरकार अपनी विफलता का बदला पूरे गांव से ले रही, क्या सभी को फांसी दिलाना चाहती है



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कवर्धा जिले के लोहारीडीह में हुई घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मामले में उन सभी 167 आरोपियों के नामों का खुलासा किया, जिनके खिलाफ आगजनी, हत्या और मॉब लिंचिंग के आरोप हैं। उन्होंने, सवाल उठाया कि क्या भाजपा की सरकार इन सभी को फांसी की सजा दिलाना चाहती है? सरकार ने अपनी विफलता का बदला पूरे गांव से लिया। उन्होंने आरोपियों के नामों का खुलासा करते हुए कहा, देश में भारतीय न्याय संहिता लागू करने के बाद संभवतः यह पहली घटना है, जिसमे मॉब लिंचिंग की धारा लगाई गई है। इसके अलावा हत्या, दंगा, घातक हथियार से हमला सहित कई आरोप हैं।

राजीवभवन में संवाददाताओं से चर्चा में श्री बघेल ने कहा, पिछले दिनों सरकार से 5 सवाल पूछे थे, उनका जवाब फिलहाल नहीं मिला है। उन्होंने इस बार सवाल उठाया है कि केवल एक शख्स मृतक रघुनाथ के पुत्र विनोद साहू की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने 167 लोगों का नाम एफआईआर में कैसे दर्ज कर लिया? क्या सरकार इन सभी आरोपियों को फांसी की सजा दिलाना चाहती है? उन्होंने बताया कि हत्या और मॉब लिंचिंग की धाराओं में फांसी या उम्रकैद की सजा निर्धारित है। इतनी गंभीर धाराएं आखिर इतने लोगों के खिलाफ बिना विवेचना के कैसे दर्ज कर ली गई? उन्होंने कहा, ऐसा करने से पहले गांव वालों का भी बयान लिया जाना था। जिन्हे पकड़ा गया उनमे से कुछ लोग एमपी गए थे, कुछ हैदराबाद से लौटे थे, वहीं घटना के बाद कुछ लोग परिजनों से मिलने गांव आये थे।

### डर के मारे नहीं आ रहे हैं गांव

उन्होंने कहा, पुलिस ने आरोपियों के नाम सार्वजनिक नहीं किये हैं, जिसके कारण कई ग्रामीण घर नहीं लौट रहे हैं। पुलिस ने अब तक 67 लोगों को ही गिरफ्तार किया है। इनमें भी ऐसे लोग शामिल हैं, जिनके घटना में शामिल नहीं होने के बाकायदा साक्ष्य हैं। ऐसे में पुलिस की जांच के त्रुटिपूर्ण होने का खुलासा होता है। क्या सरकार इन तथ्यों से सहमति रखती है? उन्होंने सवाल दुहराया कि क्या सरकार इस मामले की दोबारा विवेचना कराएगी? उन्होंने कहा, पुलिस ने रातोंरात घरों के दरवाजे तोड़कर ग्रामीणों को गिरफ्तार किया, थाने में पिटाई की और देर रात उन्हें जेल में ट्रांसफर कर दिया।

### दंडाधिकारी जांच के बिंदुओं का खुलासा करें

उन्होंने एफआईआर के आधार पर यह भी बताया कि आरोपियों में किस जाति के कितने लोग शामिल हैं। इनमें साहू समाज के लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। उन्होंने यह भी पूछा है कि सरकार कचरू साहू के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम कराएगी या नहीं। जिस आईपीएस अधिकारी का निलंबन किया गया है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है या नहीं? उन्होंने मामले की दंडाधिकारी जांच के बिंदुओं का भी खुलासा करने को कहा है। **बैज ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र**
पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने लोहारीडीह घटना के पीड़ित परिवारों के लिए न्याय की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने घटना में शामिल पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अपील की है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह इस गंभीर घटना को दबाने और डाइवर्ट करने की कोशिश कर रही है।

# सरगुजा संभाग में शराब की उपलब्धता बढ़ाने डिपो और गोदाम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री का है प्रस्ताव
- संचालक मंडल ने प्रस्ताव को दी है मंजूरी

सरगुजा संभाग में वाइन की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं आसपास के जिलों में स्टाक उपलब्धता के लिए मनेंद्रगढ़ में ब्रेवरेज डिपो या गोदाम के संचालन को सहमति प्रदान दी गई है। इसके साथ ही मनेन्द्रगढ़ में ब्रेवरेज गोदाम खुलने से गौरेला पेंड्रा मरवाही, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, कोरिया और सूरजपुर जिलों की वाइन दुकानों के लिए स्टाक का स्टोरेज किया जाएगा। ब्रेवरेज कार्पोरेशन के संचालक मंडल की सोमवार को हुई बैठक में कार्पोरेशन के अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सरगुजा संभाग में शराब की उपलब्धता के संबंध में प्रस्ताव रखा था, जिस पर संचालक मंडल ने सहमति दी। छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेजेस कार्पोरेशन के संचालक मंडल की बैठक रायपुर के आबकारी भवन में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। संचालक मंडल की इस बैठक में ब्रेवरेज कारपोरेशन के विभिन्न एजेंडा पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वप्रथम 21 अगस्त को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के वित्तीय विवरणों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा दुर्ग एवं बिलासपुर के गोदामों में हाउस कीपिंग कार्य के लिए निविदा जारी करने कार्य का अनुमोदन किया गया, साथ ही अरसनारा-दुर्ग गोदाम के लिए एक जेनरेटर क्रय करने की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में सचिव वाणिज्य कर (आबकारी) आर शंगीता, प्रबंध संचालक स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन श्याम धावड़े, सचिव वित्त विभाग शारदा वर्मा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कालीबाड़ी चौक से सिद्धार्थ चौक अब कहलाएगा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हनुमान प्रसाद दुबे मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- नामकरण समारोह का आयोजन
- मंत्रोच्चार के बीच नामकरण बोर्ड का लोकार्पण

राजधानी के कालीबाड़ी चौक से टिकरापारा का सिद्धार्थ चौक मार्ग अब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओर रायपुर नगर पालिका के पूर्व पार्षद स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे मार्ग के नाम से जाना जाएगा। राजधानी में आयोजित नामकरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील त्रिवेदी, अध्यक्षता सभापति प्रमोद दुबे ने की। विशेष अतिथि पूर्व विधायक विरेंद्र पांडे एवं वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राम्हण महासभा की ओर से सिद्धार्थ चौक टिकरापारा में नामकरण समारोह का आयोजन किया गया। आमंत्रित अतिथियों ने स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे की अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिका को याद किया। साथ ही टिकरापारा वार्ड पार्षद के रूप में उनके योगदान का स्मरण किया। मंच पर सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला, नगर निगम के एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी, वरिष्ठ पार्षद मृत्युंजय दुबे, जैतूसाव मठ के संचालक अजय तिवारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, सभा के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत शुक्ला, रामकृष्ण पाठक एवं सेनानी स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे के सुपुत्र अरुण दुबे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के सह सचिव राजेश त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार सनत चतुर्वेदी, बाबूलाल शर्मा, आशीष ठाकुर, ओपी मिश्रा, प्रभात मिश्रा, वरिष्ठ नेता संजय पाठक, अनिल गुप्ता, अशोक बानी, रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष शिव सिंह ठाकुर, सुरेंद्र वर्मा, सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नगर निगम जोन कमिश्नर संतोष पांडे, शैलेंद्र त्रिवेदी, अजय सोनी, राजकुमार पांडे, इंद्रमणि प्रधान, हरगोविंद जोशी, अशोक मिश्रा, सोशल एक्टिविस्ट कुणाल शुक्ला, प्रीति शुक्ला, छत्तीसगढ़ फिल्म के निर्देशक सतीश जैन, अनुमोद राजवैद्य, अनुपम वर्मा, तेजपाल सिंह हंसपाल, मिलिंद खेर सहित सेनानी परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## अहिल्याबाई में थी दूरदर्शिता, पर्यावरण के साथ जीव-जंतुओं की चिंता भी



**रायपुर।** रानी अहिल्याबाई होल्कर की शौर्य गाथा जितनी प्रेरणादायी है, उनकी दूरदर्शिता भी उतनी ही आत्मसात करने योग्य है। रानी अहिल्या भगवान शिव की भक्त थीं। पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजा-अर्चना के बाद तालाब और नदियों में विर्सजन में भी उनका दृष्टिकोण नजर आता है। शिवलिंग में चढ़े अक्षत (चावल) व अन्य अन्न के दाने तालाब में प्रवाहित करने पर तालाब के जलचर जीव- जंतु उसे अपना आहार बनाते हैं। वहीं अगर दाने तालाब के किनारे पहुंच गए और अंकुरित हो गए तो पेड़-पौधे के पत्ते झड़कर जमीन में गिरेंगे और यह मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाएंगे।
इस आशय के विचार महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने प्राथमिक और माध्यमिक शाला देवपुरी में आयोजित अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य में कई तीर्थ स्थानों के साथ ही कई मंदिर, घाट, कुएं, बावड़ियां बनवाईं। अहिल्याबाई महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में प्रधान पाठक श्री साहू, शिक्षिका ऋचा देवांगन, ममता देवांगन, जीवनलता मिंज, मंजू दुबे और 250 से अधिक बच्चे उपस्थित रहे।

ज्यादातर सब्जियां 60 से 80 रुपए किलो, टमाटर 100 पहुंचा

# दीपावली से पहले नई फसलों की कटाई, मंडियों में आवक बढ़ते ही सब्जियों के दाम गिरेंगे औंधे मुंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में दीपावली से पहले सब्जियों की नई फसलों की कटाई शुरू हो जाएगी। इसके बाद थोक मंडियों में सब्जियों की बंपर आवक शुरू होगी, जिससे इन दिनों आसमान छू रहे सब्जियों के दाम में भी भारी गिरावट आएगी। कुछ किसानों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि लोकल सब्जियों की फसले तैयार हो रही हैं, जिसकी कटाई दीपावली से पहले शुरू हो जाएगी।

कई सब्जियों की फसले त्योहार के सप्ताहभर पहले तक भी मंडियों में पहुंच सकती है, क्योंकि किसानों को अब सिर्फ फसलों के तैयार होने का इंतजार है। किसानों ने बताया कि अगस्त के दूसरे पखवाड़े में हुई तेज बारिश से पालक सहित कुछ प्रकार की सब्जियों की फसलों को नुकसान जरूर हुआ है, लेकिन इसके बाद भी सब्जियों की फसलें अच्छी हैं। इन फसलों की कटाई होते ही आम लोगों को भी महंगी सब्जियों से बड़ी राहत मिलेगी। इन दिनों ज्यादातर सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। लौकी, कुंहड़ा, कुंदरू, कच्चा केला, पत्ता गोभी जैसी कुछ सब्जियां ही चिल्हर में 30 से 40 रुपए प्रति किलो हैं, वहीं फूल गोभी, भटा, करेला, बरबट्टी, तोरई, परवल, भिंडी, हरी मिर्च आदि सब्जियों के दाम 60 से 80 रुपए किलो हैं। सबसे महंगी सब्जियों में शिमला मिर्च, मुनगा एवं टमाटर 80 से 100 रुपए किलो है।

### आवक बढ़ते ही तेजी से घटेंगे दाम

थोक मंडियों में इन दिनों सब्जियों की आवक में भारी कमी आई है। लोकल सब्जियों की आवक 10 प्रतिशत से भी कम है, वहीं दूसरे राज्यों से आ रही सब्जियों की आवक भी 30 से 35 प्रतिशत ही हो रही है। इसके कारण लगभग सभी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। डूमरतराई थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि पिछले माह देश के कई राज्यों में भारी बारिश होने के कारण सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ से उत्तरप्रदेश, बिहार, गुजरात जैसे राज्यों में सब्जियां भेजी जा रही हैं। इसके कारण सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं।

# जनजातियों का ज्ञान और परंपराएं दूसरे समाज के लिए अनुकरणीय



**रायपुर।** जनजातियों के गौरवशाली इतिहास, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और जनजातीय महानायकों के बलिदान को आमजनों को बताने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभाग्रह में हुई। कार्यशाला में पूर्व आईएएस अधिकारी और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने जनजातियों के ज्ञान और परंपराओं को दूसरे समाजों के लिए भी अनुकरणीय बताया।

वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर उन्होंने कहा, जनजातीय समाज में सहभागिता, प्रकृति प्रेम के साथ आत्म स्वाभिमान से जीने की कला को दूसरे समाज के लोंगो को भी सीखना चाहिए। उन्होंने इस दौरान जनजातीय समाज को भारत के संविधान को मिली सहूलियतों और संरक्षण के साथ विकास के लिए किए गए प्रावधानों को भी लोंगो को बताया। वक्ता वैभव सुरंगे ने भारत में जनजातीय समाज और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने जनजातीय समाज की परंपराओं, उनके रीतिरिवाजों और संस्कृति पर अपने नजरिए से रिसर्च किए जाने पर जोर दिया।

# ट्रेन में टीटीई से बचकर भागना अब मुश्किल, वॉकी-टॉकी से पकड़े जाएंगे बिना टिकट यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ट्रेन में बिना टिकट लिए सफर करने वाले यदि टीटीई को देखकर दूसरे दरवाजे से भागने की कोशिक करेंगे, तो अब टीटीई अपने साथी को उसका हुलिया तुरंत बता देंगे। इसके लिए 100 टीटीई स्टॉफ को वॉकी-टॉकी दिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने यात्री सेवा को और बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। ट्रेनों के टिकट जांच कर्मचारियों, टीटीई को वॉकी-टॉकी दिया गया है। यह कदम यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए उठाया गया है। वॉकी-टॉकी उपकरणों की मदद से टीटीई आपातकालीन स्थिति में तुरंत संपर्क कर सकेंगे, जिससे त्वरित सहायता और बेहतर समन्वय सुनिश्चित होगा। इससे आरएसी और वेटिंग टिकट क्लीयर करने में भी मदद मिलेगी। अन्य कोच में बिठाए गए यात्रियों को उनकी आरक्षित सीटों पर बिठाने में सुविधा होगी।



स्टेशन में मौजूद स्पेशल टीम से सीधे संपर्क स्थापित कर जरूरतमंद यात्रियों तक पहुंचाई जा रही सहायता

### जरूरतमंद यात्रियों को मिल रही मदद

*यात्री सेवा तथा सुविधा को और बेहतर बनाने, आपसी समन्वय के साथ सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अभिनव पहल के तहत ट्रेनों के टीटीई, कर्मचारियों को वॉकी-टॉकी उपकरण प्रदान किए गए हैं। इस उपकरण की सहायता से भनवारटंक घाट सेक्शन व दघोरा-जामगा जैसे नेटवर्क विहीन सेक्शनों में आपातकालीन स्थिति में टीटीई कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित कर जरूरतमंद यात्रियों को बेहतर सहायता पहुंचा पा रहे हैं। इसके साथ ही ट्रेनों के अन्य कोच में कार्यरत सहयोगी टीटीई स्टाफ आपसी समन्वय स्थापित कर आरएसी, वेटिंग टिकट क्लीयर करने तथा अन्य कोच में बैठे यात्रियों को उनके आरक्षित कोच व सीट में बैठाने जैसी बेहतर सुविधाएं भी सुनिश्चित कर रहे हैं। स्टेशन में मौजूद स्पेशल टीम से सीधे संपर्क स्थापित कर जरूरतमंद यात्रियों को भी हरसंभव सहायता पहुंचाई जा रही।*

### आपसी संवाद और सहयोग होगा मजबूत

*बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत ट्रेन के सभी टिकट जांच स्टाफ को वॉकी-टॉकी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इसका उद्देश्य ट्रेन संचालन में सुधार लाना और यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करना है। वॉकी-टॉकी के माध्यम से टिकट जांच स्टाफ एक-दूसरे से तुरंत संपर्क कर सकेंगे, जिससे किसी भी आपात स्थिति में या टिकट जांच के दौरान त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि वॉकी-टॉकी के उपयोग से ट्रेन स्टाफ के बीच संचार तंत्र में उल्लेखनीय सुधार होगा। वंदे भारत एक्सप्रेस उच्च गति और उन्नत सुविधाओं के लिए जानी जाती है। इसमें यह नई व्यवस्था यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाएगी।*

## खबर संक्षेप



### पार्षद आकाश ने कराया कन्या भोज

**रायपुर।** नवरात्रि महापर्व की पंचमी के दिन सोमवार को नगर निगम संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के अध्यक्ष एवं पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्रमांक 35 के पार्षद आकाश तिवारी के निजी निवास पर 501 कन्याओं के पैर धोकर कन्या पूजन और महाप्रसादी ग्रहण कराया गया। इस पुण्य कार्य हर वर्ष आयोजित करने के लिए सभी माताओं और कन्याओं ने श्री तिवारी के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

### संजय बने सिंधी काउंसिल के चैयरमैन



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने रहेजा ग्रुप के संजय रहेजा को प्रदेश चेयरमैन की नियुक्ति की गई। संजय रहेजा क्रेडाई के अध्यक्ष भी है और सामाजिक कार्य में भी सक्रिय भागीदारी है। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश महामंत्री सुनील कुकरेजा, प्रदेश कोषाध्यक्ष विक्की लोहाना, प्रणीत सुंदरानी, निलेश तारवानी, दीपक रामनानी, हेमंत मेघानी ने बधाई दी।

### चौराहों पर लग रहे जाम से मुक्ति दिलाने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने सड़कों पर आवाजाही सही करने तथा चौक-चौराहों पर लग रहे जाम से मुक्ति दिलाने ठोस कदम उठाने की मांग छत्तीसगढ़ शासन और पुलिस प्रशासन से की है। श्री ठाकुर ने बताया कि नवरात्रि त्योहार का सीजन है, जनता माता का दर्शन करने घर से बाहर निकल रही तथा गरबा की धूम है, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन और पुलिस प्रशासन सड़क, चौराहों की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है।

## पेज 9 के शेष

### भैंसा आकर प्लांट्स ...

का आइना दिखाने का निवेदन किया। ग्राम पथर्रा में चल रहे धरना स्थल पर स्थानीय जनपद सदस्य प्रतिनिधी एवं भाजपा नेता गजानंद साहू ने इस आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की। आंदोलन में प्रमुख रूप से बिनु तिवारी, शेख शरीफ कुरैशी, बलराम निषाद, बीरसिंह साहू, राकेश साहू, भागवत मारकंडे, डा सज्जाद खान, जितेंद्र साहू, रामलाल साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सण्डी का ब्रिज ...

भी नज़र आ रही हैं, जो गुणवत्ता को लेकर भी प्रश्नचिन्ह पैदा कर रही हैं। इस सम्बंध में सेतु विभाग के एसडीओ बीएल पटेल एवं सब इंजीनियर एलके सिन्हा से बात करने का प्रयास किया गया, किन्तु उनके द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

# नगर निगम ने सरकारी जमीन पर बना दी दुकानें, अब होंगी नीलामी

*विपक्ष ने अवैध निर्माण का लगाया आरोप, प्रस्ताव बहुमत से पारित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम मुख्यालय के समीप पटवारी प्रशिक्षण कार्यालय के सामने निर्मित 3 दुकानों को सड़क चौड़ीकरण में 3 दुकानदारों का व्यवस्थापन करते हुए हटाने का निर्णय लिया गया था, पर आज तक उन दुकानों को हटाया नहीं गया है। उनके लिए बनाई गई 3 दुकानें खाली पड़ी हैं। इन दुकानों को खुली नीलामी के माध्यम से आवंटित किए जाने का प्रस्ताव सामान्य सभा में बहुमत से पारित हो गया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि जमीन नगर निगम की नहीं है, बल्कि भू अभिलेख शाखा के नाम पर दर्ज है। शासन की स्वीकृति बिना नगर निगम ने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कराया है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे, वरिष्ठ पार्षद सूर्यकांत राठौर ने सोमवार को सामान्य सभा की बैठक में इस पर आपत्ति की। नगर निगम की स्थगित सामान्य सभा की बैठक सोमवार को आधा घंटे देर से प्रारंभ हुई। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की अनुपस्थिति में सामान्य सभा में लिए जाने वाले निर्णय के क्रियान्वयन को लेकर सवाल उठाने पर सभापति प्रमोद दुबे ने आयुक्त के आने तक सभा की कार्यवाही स्थगित कर दी। आयुक्त के आने पर दोबारा सभा प्रारंभ हुई, जिसमें 8 एजेंडे सदन में चर्चा के लिए लाए गए। नगर निगम की सामान्य सभा में निगम कार्यालय के बाजू में बनी 3 दुकानों को लेकर भाजपा पार्षद दल ने सत्ता पक्ष को घेरते हुए आरोपों की झड़ी लगा दी। निगम पर व्यवस्थापन के नाम पर अवैध रूप से दुकान बनाने का आरोप भी लगा। निगम ने भू अभिलेख शाखा की जमीन पर 3 दुकानें बनाई हैं। भाजपा पार्षदों ने इस मामले में एमआईसी को घेरा। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा, सरकारी जमीन पर दुकानों का निर्माण शासन से मंजूरी लिए बिना कराया गया है। इसके साथ ही बिना अनुमति के दुकानों का टेंडर जारी कर दिया, जबकि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर 3 दुकानों को व्यवस्थापन के लिए बनाया गया। अवैध निर्माण के मामले में निगम के अधिकारी और एमआईसी बुरी तरह घिर गए।



### नरैया तालाब सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पारित

*टिकरापारा के पास स्थित नरैया तालाब का सौंदर्यीकरण करने 10 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। चर्चा में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, जोन अध्यक्ष निशा यादव, पार्षद सरिता दुबे, नारद कौशल, रोहित साहू, ज्ञानेश शर्मा सहित 10 पार्षदों ने हिस्सा लिया।*

### हमारी नीयत व नीति साफ है : एजाज ढेबर

*सरकारी जमीन पर दुकानों के अवैध निर्माण के आरोप का बिंदुवार जवाब देते हुए महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि 3 दुकानों के निर्माण की एजेंसी नगर निगम थी। जिला कलेक्टर, मुख्य सचिव और आयुक्त के दौरे के समय तत्कालीन मुख्य सचिव आरपी मंडल ने कहा था कि 3 दुकानें बनाना है, वहां चूंकि स्मार्ट रोड बनना था। इससे आवागमन के लिए रास्ता सुगम होता, इसलिए निगम ने 3 दुकानें बनवाई हैं। सदन को महापौर ने जिला कलेक्टर के आदेश की कापी भी दिखाई। उन्होंने कहा हमारी नीयत व नीति दोनों साफ है, इसलिए हमने एजेंडा सदन में लाया है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने आरोप लगाया कि सदन में अवैध काम को शह दिया जा रहा है। महापौर के दबाव में दुकानों का टेंडर निकाला गया है। सदन में लंबी बहस के बाद बहुमत से प्रस्ताव पारित हुआ।*

### कांजी हाउस की दुकान को लेकर हंगामा

*एजेंडा क्रमांक 23 में कांजी हाउस की दुकान के लीज नवीनीकरण के प्रस्ताव में निगम अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया गया। पार्षदों का कहना था, षड़यंत्र पूर्वक एजेंडा सामान्य सभा में लाया गया है। कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों ने अधिकारी को निलंबित करने की मांग उठाई। आयुक्त और सभापति ने अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। एजेंडे को सर्वसम्मति से अस्वीकृत कर दिया गया। सभा में खम्हारडीह में नई पानी टंकी बनाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से मंजूर किया गया। रोड स्वीपिंग मशीन का दायरा बढ़ाने संबंधी एजेंडा पारित हुआ।*

# जोगीबाबा में अतिक्रमण, यादव समाज ने की हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम झांकी स्थित जोगीबाबा धाम (जोगी नाला) में हो रहे अतिक्रमण की शिकायत को लेकर यादव समाज ने जिला अध्यक्ष हेमकांत यादव की अगुवाई में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने गांव को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की।

- गांव को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अध्यक्ष हेमकांत यादव ने कहा कि जोगी बाबा में वर्ष में दो बार मकर सक्रांति व फागुन के तेरस को मेला लगता है। आसपास के श्रद्धालु यहां स्थित कुंड में स्नान करने आते हैं। यह धार्मिक आस्था का केंद्र है। साथ ही मकर संक्रांति में यादव समाज द्वारा मड़ई मातर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यादव समाज का सामाजिक भवन भी है, जहां पर सामाजिक आयोजन होते रहता है। बेजा कब्जा होने से सामाजिक और धार्मिक आयोजन में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि समाज शासन प्रशासन से बेजा कब्जा हटाने की मांग करता है।

ज्ञापन देने के दौरान गुहा यादव, धन्नू यादव, विजय यादव, चेतन यादव, शेखर यादव, कली राम यादव, अश्वनी यादव, खेलन यादव, उमेंदा यादव सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### विधायक का महापौर, सभापति ने किया स्वागत

**रायपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा बैठक में पहुंचे रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा का सभापति प्रमोद दुबे, महापौरएजाज ढेबर, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा सहित एमआईसी सदस्यों ने स्वागत किया। श्री मिश्रा ने पार्षदगणों से रायपुर शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने का संकल्प लेकर सभी 70 वार्डों में कार्य करने का आव्हान किया।

## जय बुढ़ी मां गाड़ा महासभा के नवनियुक्ति पदाधिकारियों ने लिया संकल्प

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हाल में रविवार को जय बुढ़ी मां गाड़ा महासभा के नवनियुक्ति कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में उपसस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से शंकर तांडी को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही युवा जिला अध्यक्ष जीतू सागर और महिला जिला अध्यक्ष रोशनी बाघ को नियुक्त किया है। इसके अलावा जय बुढ़ी मां समाज के 50 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। बैठक में नया सलाहाकार धनसिंग जगत, शत्रुघ्न महानंद, प्रदेश महासचिव संजय सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीतम सुना, प्रदेश सचिव देवराज महानंद को नियुक्त किया गया।



इसी दौरान सभी नव पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक स्वर में जय बुढ़ी मां का जयकारा लगाकर निस्वार्थ, कर्मठ होकर समाज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और एक समाज, एक नियम का संकल्प लिया।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पाठक का रायपुर में किया अभिनंदन

**रायपुर।** पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजीत पाठक का रायपुर में अभिनंदन हुआ। डॉ पाठक एवं राष्ट्रीय सचिव डॉ पीएलके मूर्ति आगामी 20 से 22 दिसंबर तक रायपुर में आयोजित होने वाली कांफ्रेंस की तैयारियों के लिए रायपुर प्रवास पर हैं जहां रायपुर चैप्टर चैयरमेन डॉ शाहिद अली एवं अन्य पदाधिकारियों ने डॉ पाठक का बुकें भेंटकर स्वागत किया। पीआरएसआई के डॉ पाठक ने आयोजन के प्रारंभिक तैयारियों पर परिचर्चा की। चैप्टर चैयरमेन डॉ. शाहिद अली ने बताया कि इस बार रायपुर में आयोजित होने वाली कॉन्फ्रेंस की थीम 'राष्ट्रीय मूल्यः अंतर्राष्ट्रीय दक्षताएं-जनसंपर्क की भूमिका' होगी। तीन दिवसीय ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल रायपुर में होगा। इस 46वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस की गतिविधियों के बारे



जानकारी लेने एवं आवश्यक मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक, सेक्रेटरी जनरल डॉ. पी.एल.के. मूर्ति रायपुर दौरे पर हैं। इस अवसर पर चैप्टर सचिव डॉ. कुमार सिंह तोप्पा, सह सचिव सोनाली दत्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. दानेश्वरी संभाकार, कार्यकरणी सदस्य भूपेश कुमार त्रिपाठी सहित अनिल बघेल, शिरिश शाह, अभय, प्रद्युमन सिंह एवं अन्य शामिल हुए।

# त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ट्रैफिक की चाल बिगड़ी, हर तरफ लग रहा जाम

*शहर से लेकर आउटर के इलाकों में शाम पांच बजे के बाद लग रहा जाम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ शहर के प्रमुख बाजारों के साथ आउटर में ट्रैफिक की चाल बिगड़ गई है। शहर के प्रमुख बाजारों में जाम की स्थिति निर्मित होने लगी है। ट्रैफिक जाम से निपटने यातायात पुलिस को अतिरिक्त बल लगाना पड़ रहा है। ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक ट्रैफिक जाम से निपटने शहर के प्रमुख बाजार मालवीय रोड, सदर बाजार तथा एमजी रोड में सड़क पर चारपहिया वाहनों की पार्किंग पर रोक लगाई गई है। जाम की वजह इन मार्गों में हल्का मालवाहक वाहनों द्वारा सामान ढोना है। ट्रैफिक पुलिस अफसर के अनुसार बाजार में भीड़ ज्यादा होने की स्थिति में ट्रैफिक डायवर्ट किया जा रहा है।

इसके लिए कोतवाली थाना के सामने तथा जयस्तंभ तथा राठौर चौक के पास ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

रिंग रोड की सर्विस रोड में भारी तथा चारपहिया वाहन पार्किंग करने की वजह से सड़क संकरी हो रही है। इस वजह से यहां भी जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। सबसे ज्यादा जाम की स्थिति भाठागांव, संतोषी नगर चौक स्थित सर्विस रोड की है। इस मार्ग में सुबह 11 से 12 बजे तथा शाम के छह से रात नौ बजे के बीच जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। शहर के प्रमुख मंदिर जाने वाले मार्गों में श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण भी जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इनमें पुरानी बस्ती थाना चौक, शीतला मंदिर मार्ग तथा आकाशवाणी चौक स्थित काली माता मंदिर चौक शामिल है। इन मार्गों में ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ पुलिस जवानों की तैनाती की गई है।



### इन स्थानों में करनी पड़ रही मशक्कत

उल्लेखनीय है कि सीसीटीएनएस कैमरे की मदद से एमजी रोड, मालवीय रोड, सदर बाजार मार्ग की निगरानी की जा सकती है। इसके साथ ही पुरानी बस्ती, लाखेनगर तथा आउटर के इलाके सीसीटीएनएस से नहीं जुड़े हैं। इस वजह से इन मार्गों में ट्रैफिक जाम होने की स्थिति में ट्रैफिक पुलिस को ट्रैफिक क्लीन कराने मशक्कत करनी पड़ती है। सीमित बल होने की वजह से कई स्थानों में जितनी संख्या में ट्रैफिक बल चाहिए, उतना बल नहीं पहुंच पाता।

### सीसीटीएनएस से कर रहे मॉनिटरिंग

ट्रैफिक डीएसपी के मुताबिक शहर के प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक पर नजर रखने सीसीटीएनएस कैमरों की मदद ली जा रही है। शहर के जिन चौराहों में ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है, सीसीटीएनएस की मॉनिटरिंग करने वाली टीम ट्रैफिक अमले को उस स्थान पर ट्रैफिक क्लीन कराने भेजती है।




# भटके बिना सही समय पर मरीजों को मिले इलाज, यही होगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में राजधानी समेत प्रदेश के कोने-कोने से आने वाले मरीजों को भटके बिना सही समय पर उपचार मिले, यही प्राथमिकता होगी। आवश्यकता के हिसाब से यहां की इमरजेंसी व्यवस्था को और अपडेट किया जाएगा, ताकि मरीजों को त्वरित उपचार की सुविधा मिल सके। राज्य शासन के आदेशानुसार पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सर्जरी विभाग के प्राध्यापक डॉ. संतोष सोनकर ने सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के चिकित्सा अधीक्षक पद पर पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर पूर्व चिकित्सा अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष रेडियोलॉजी विभाग डॉ. एसबीएस नेताम एवं सहायक अधीक्षक डॉ. डीके टंडन मौजूद थे। नए अधीक्षक डा. सोनकर ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि अस्पताल में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है और यहां रायपुर के साथ अन्य जिलों से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। उनकी कोशिश रहेगी कि मरीजों को सही समय पर जांच और उपचार की सुविधा मिल सके। गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों के लिए इमरजेंसी यूनिट महत्वपूर्ण होता है। प्रयास किया जाएगा जरूरतमंद मरीज को तत्काल आवश्यक उपचार की सुविधा मिलेगी।

- आंबेडकर अस्पताल के नए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने चार्ज लिया



आने वाले दिनों में जरूरत के हिसाब से इमरजेंसी विभाग को अपडेट किया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल की सुरक्षा और सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहां सीसीटीवी की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा को और पुख्ता करने का प्रयास होगा। दूर-दराज से आने वाले मरीजों को ओपीडी में सही समय पर डाक्टर मिले, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



**खबर संक्षेप**



## स्वामी आत्मानंद एसएमसी के अध्यक्ष बने अंगेश्वर

**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश एवं हिंदी मीडियम शासकीय विद्यालय जामगांव आर में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू को प्रभारी मंत्री की संशोधन अनुशंसा के बाद शाला विकास एवं प्रबन्धन समिति का अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। प्राचार्य राजेश पिल्लई ने नव नियुक्त अध्यक्ष अंगेश्वर साहू का स्वागत किया। अध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने मनोनयन पर अपने अग्रज नेताओं व मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त जताया है। उन्होंने अपनी कार्यकारिणी में सरपंच राजकुमार ठाकुर, मेघनाथ सगरवंशी, मनीष जैन, मुकेश साहू, सीता राम साहू, रोमल साहू, चंद्रकैलाश जैन, मुकेश शुक्ला, हरीश साहू, उज्ज्वल केला सहित कुछ अन्य लोगों को शामिल किया है। प्रबन्धन समिति की पहली बैठक 14 अक्टूबर को रखी गई है, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## गरबा महोत्सव में शामिल हुईं विधायक संगीता



**गुरूर।** शक्ति की साधना और उपासना के पर्व नवरात्र पर धमतरी में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संगीता ने कहा कि मां की आराधना का यह पर्व है। गरबा महोत्सव के मंच में एकरूपता है, जो हम सबके लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के गुलशन छाबड़िया, कुणाल सिंह, हेमंत राजपूत, शुभांक मिश्रा, अंकित मधान, साकेत रोहरा, सारांश केसरवानी, आयुश आहूजा, हेमंत लेडवानी, आदित्य पंसारी सहित शहरवासियों का सहयोग रहा।

## एफएसएनएल में हिंदी भाषण प्रतियोगिता

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड और स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविघालय के तत्वावधान में निगमन कार्यालय, भिलाई के मिनी ऑडिटोरियम में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीपीएस दुर्ग के हिंदी विभाग के अध्यक्ष रमेश चंद द्विवेदी एमजीएम स्कूल के शिक्षक के.योहान विशेष अतिथि थे। श्री त्यागी ने कहा कि आपके पास भाषण कौशल हो, तो आप अपने दृष्टिकोण, जुड़ाव और लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित कर सकते हैं। ग्राम पंचायत पतोरा का स्वच्छता से संबंधित वीडियो भी प्रसारित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम–अभिषेक सिंह, द्वितीय-चंद्रशेखर साहू, तृतीय-सुरेश कुमार वर्मा व हिंदी भाषी वर्ग मेंप्रथम-खुशी, द्वितीय-अदिति पाण्डेय तृतीय-मानसी यदु,और हिंदीत्तरभाषी वर्ग में प्रथम-नंदिनी कर, द्वितीय-गुनगुन ठाकुर, तृतीय-जान्हवी ठाकुर के अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

**पर्व**


# पंचमी पर माता का किया विशेष श्रृंगार दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### सुबह से देर रात्रि तक देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

शारदीय नवरात्रि पर्व की पंचमी पर देवी मंदिरों में माँ दुर्गा व महामाया में का विशेष श्रृंगार किया गया। बता दें कि बेमेतरा जिला के बेरला अंतर्गत आने वाले ग्राम संडी के सिद्धि माता मंदिर में प्रदेश के दूर दूर से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। वहीं, शारदीय नवरात्रि के पंचमी के दिन सिद्धि माता के दर्शन करने भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। माता का श्रृंगार कर श्रद्धालुओं ने सामग्री अर्पित की। यह सिलसिला सुबह से शुरू रहा जो पूरे दिन चलता रहा। देर रात्रि तक सिद्धि माता मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही।

माता रानी को चुनरी अर्पित कर भक्तों ने खीर पूड़ी का भोग लगाया। इस अवसर पर भक्तों ने अपनी मनोकामनाओं के लेकर खीर पूड़ी व हलवा का प्रसादी वितरण किया। प्रशासन व मंदिर समिति द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पूरे इंतजाम किए गए। सभी देवी मंदिरों में सुरक्षा व शांति व्यवस्था के लिए पूरी तरह मुस्तैदी है। इसके अलावा संडी सिद्धि मंदिर व भक्तों की सुरक्षा पुलिस के साथ कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था कर निगरानी की जा रही है। ग्रामीण अंचल के शीतला व देवी मंदिरों में मां जगदम्बा का पांचवें रूप में स्कंधमाता का विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर देवी मां का चुनरी, पायल, साड़ी, माहुर, बिंदिया, चूड़ी से विशेष श्रृंगार किया। श्रद्धालुओं ने माता रानी को श्रृंगार सामग्री भी अर्पित की।





### शिव मंदिर में 18 ज्योति प्रज्ज्वलित

**बेमेतरा।** शहर के बिजली ऑफिस कालोनी स्थित शिव मंदिर में मां शक्ति ज्योत के रूप में विराजमान है। यहां कुल 18 ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। पंचमी तिथि पर 56 भोग पंडित कमल नारायण जोशी द्वारा लगाया गया। पूरी श्रद्धा से कॉलोनी वाले माता का पर्व मना रहे हैं।

## लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या महाविद्यालय में मनाया गया रास-गरबा महोत्सव



**बेमेतरा।** लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में नवरात्रि के शुभ अवसर पर पांचवे दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप रास गरबा का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं, प्राध्यापकों कर्मचारियों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य किया। छात्राओं को अपनी परंपरा एवं संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम रखा गया। संस्था प्रमुख डॉ विनिता गौतम ने सभी छात्राओं एवं कर्मचारियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपने परंपराओं एवं अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रभारी डॉ मेघा तिवारी एवं दीनानाथ सारथी तथा सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भोईनाभाटा महामाया मंदिर में अतिरिक्त ज्योति कक्ष का किया गया लोकार्पण

**बेमेतरा।** पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम पंचायत भोईनाभाटा में अपने कार्यकाल के दौरान दिए गए मरार सामुदायिक भवन व महामाया मंदिर में अतिरिक्त ज्योति कक्ष कार्य का लोकार्पण किया। श्री छाबड़ा ने अपने विधायकी कार्यकाल में ग्राम पंचायत भोईनाभाटा में विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से राशि दी थी।
अपने विधायक कार्यकाल के दौरान उन्होंने 5 लाख रुपए एवं महामाया मंदिर में अतिरिक्त ज्योति कक्ष लागत राशि 3 लाख दी थी, जिससे निर्माण हुआ था। निर्माण के बाद उसका लोकार्पण किया गया। इसके अलावा पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम तेंदूभाटा के विभिन्न देवी पंडालों में जाकर माता रानी व जोत जंवारा का दर्शन कर आशीर्वाद लेते ग्राम विकास की कामना की। कार्यक्रम में ममता पाटिल सरपंच ग्राम पंचायत



भोईनाभाटा, शशिप्रभा गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, चंद्र प्रकाश गायकवाड़, मिथिलेश वर्मा, प्रांजल तिवारी, मनोज गायकवाड़, बिशहत साहू, मंगलू पाटिल, घसिया साहू, शत्रुघ्न पाटिल सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नए सदस्य बनाने भाजपा नेताओं को मिला लक्ष्य, बहा रहे पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

देशभर में सितंबर महीने से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। प्रदेश में इस अभियान के तहत 60 लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जिले के नेताओं के कद और पद के अनुसार भी लक्ष्य बांट दिया गया है। टारगेट मिलने के बाद नेताओं ने भी फिल्ड पर पसीना बहाना शुरू कर दिया है। लेकिन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों फार्मेट पर नए सदस्यों की जानकारी लेने में नेताओं के पसीने छूट रहे हैं।

- नए सदस्य बनाने में छूट रहा पसीना, एक एंट्री में लग रहा 15 मिनट

मिली जानकारी के अनुसार एक नया सदस्य बनाने और उसका फार्म भरने में नेताओं को 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है। ऐसे में दिनभर में एक नेता द्वारा अधिकतम 12 से 15 सदस्य ही बन पा रहे हैं। हालांकि जिला भाजपा अपना टारगेट पूरा करने को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि भाजपा ने आधुनिकता को अपनाते अब अपना सदस्यता अभियान भी डिजिटल कर दिया है। इस बार सदस्यता अभियान में डिजिटल प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसमें मिस कॉल के बाद ओटीपी आने के बाद डिजिटल रूप से पूरी डिटेल भरनी पड़ती है। यह प्रक्रिया पार्टी को सदस्यता के आंकड़ों को सटीक और पारदर्शी बनाने में मदद करेगी। बताया गया कि इस महिने की 15 तारीख तक ही अभियान चलेगा।

### मैसेज से मिलेगी जानकारी

भाजपा के इस सदस्यता अभियान से अपनी पार्टी का डाटा भी मजबूत करने जा रही है। यही कारण है कि नए सदस्य की बारिकी से जानकारी ली जा रही है। पार्टी के पास सदस्यता अभियान के साथ पक्का डेटा बैंक तैयार होगा, जो सक्रिय और विवर के प्रति मजबूत वोट बैंक का काम करेगा।

### अपना काम छोड़ बना रहे सदस्य

पार्टी ने सभी नेताओं को अलग-अलव टारगेट दे रखा है। ऐसे में सभी नेताओं को अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए मेहनत करनी पड़ रही है। वहीं, सक्रिय सदस्य बनने के लिए भी कम से कम 50 नए सदस्यों को जोड़ने का टास्क दिया गया है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता भी सक्रिय सदस्यता के लिए कम से कम 50 सदस्य जोड़ने पर जोर दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन्हें टास्क पूरा करने के लिए सभी काम छोड़ कर इस अभियान के तहत काम करना पड़ रहा है।

## महिला और किशोरियों के लिए हुआ स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम



**बेमेतरा।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना अंतर्गत 08 अक्टूबर को जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेमेतरा में महिलाओं में मासिक धर्म के प्रति जागरूकता एवं सेनेटरी तथा स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग चन्द्रवेश सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में जिला महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी सी.पी. शर्मा द्वारा बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को अधिक अवसर प्रदान करना एवं उनके स्वच्छता पर प्रकाश डालना है। बालिकाओं द्वारा शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, भेदभाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आने वाले असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिदिन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है तथा ऑनलाईन पोषण ट्रेकर ऐप में बच्चों के शारीरिक जानकारी, वजन, उँचाई एवं पोषण संबंधी जानकारी अपलोड किये जाने के संबंध में, पोषण ट्रेकर में फोटो कैप्चरिंग गतिविधियों में आ रहे कठिनाई को दूर किये के संबंध में जानकारी दी गई। इसी तारतम्य में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा साहू द्वारा महिलाओं में होने वाले मासिक धर्म से संबंधित क्रियाकलापों, सामग्री, आदते, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी जागरूक लाने हेतु महिला व किशोरियों की मानसिक उत्कंठा को ऊंचा एवं सशक्त बनाये रखने की जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में जिले समस्त परियोजना अधिकारियों के साथ-साथ समस्त सेक्टर सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

## सुरहोली में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा जारी



**बेरला।** ब्लॉक बेरला के अंतर्गत ग्राम सुरहोली के दशहरा मैदान चौक पर भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर दशहरा मैदान रंग मंच पर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई है। जहां पर तेंदुआ नवापारा के पंडित चूड़ामणी का श्री भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। उन्होंने श्री कृष्ण जन्माष्टमी की कथा विस्तार पूर्वक बताई। माता देवकी एवं वासुदेव को कंस द्वारा दिए गए कष्ट को सुनकर दर्शकों की आखों में आंसू आ गए। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। रात्रि में श्री राम लीला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आदर्श राम लीला करमदा बलौदा बाजार वालों ने भरत राम मिलन की लीला का प्रदर्शन किया।

## शिक्षिका आंचल के टीएलएम को राज्यस्तरीय पत्रिका में मिला स्थान

### बच्चों को खेल-खेल में सिखाने की पहल

**बेमेतरा।** बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से शिक्षिका आंचल वर्मा द्वारा स्वयं से निर्मित कैरम के माध्यम से शासकीय प्राथमिक शाला कंतेली के बच्चों को सिखाया जा रहा है। शिक्षिका के प्रयासों को शिक्षा विभाग द्वारा अन्य स्कूलों में भी प्रेरणा स्वरूप पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य परियोजना समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा मासिक पत्रिका चर्चा पत्र में प्रमुखता से स्थान दिया गया है ।




शासकीय प्राथमिक शाला कंतेली में पदस्थ शिक्षिका आंचल वर्मा के द्वारा बनाए गए कैरम से विभिन्न प्रकार के विषयों के अलग-अलग विषय आधारित गतिविधियों को बच्चों को सिखाया जा रहा है, क्योंकि कैरम खेल बच्चों को ऐसे ही आकर्षित करता है ऐसे में कैरम की गोटी में हिंदी भाषा की मात्रा संबंधी ज्ञान पालतू जानवर जंगली जानवर की गोटिया राज्य एवं राजधानी की गोटिया फ्रूट्स नेम वेजिटेबल्स नेम गणितीय शिक्षण में सम संख्या विषम संख्या इत्यादि महत्वपूर्ण पाठ को बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से शिक्षिका द्वारा सिखाया जाता है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी शिक्षिका आंचल वर्मा द्वारा बनाए गए टीएलएम को इस पत्रिका में स्थान मिल चुका है। कोरोना काल में शिक्षिका द्वारा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए ग्राम कंतेली में मोहल्ला क्लास के साथ-साथ वाल लेखन का कार्य किया गया था। इसे चर्चा पत्र के कवर पेज में में शिक्षिका के प्रयासों को स्थान दिया गया था। शिक्षिका द्वारा विभिन्न टीएलएम का निर्माण किया जाता रहा है, इससे विद्यालय में कक्षा की सुंदरता के साथ-साथ सहज वातावरण में सहजता के साथ बच्चे विद्या अर्जन कर सकें। कैरम आधारित टीएलएम का उपयोग उन स्कूलों में भी बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो सकता है, जहां शिक्षकों की कमी है।

## उपमुख्यमंत्री साव का जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**बेमेतरा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के जिला मुख्यालय आगमन पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री साव से जिले में चल रहे सदस्यता अभियान की चर्चा की। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान में क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता जुटे हुए हैं और आम लोग भाजपा से जुड़ने के लिए उत्साहित है। अरुण साव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया किया कि बेमेतरा जिला के प्रभारी मंत्री के नाते वो कार्यकर्ताओं के कार्यों को प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, अवधेश चंदेल, लाभचंद बाफना, राजेन्द्र शर्मा, प्रह्लाद रजक, योगेश तिवारी, विजय सिन्हा, मोंटी साहू, नरेंद्र वर्मा, सुनीता साहू, अजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता उपस्थित थे।

## भाजपा की जीत पर मना जश्न



**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा में हैट्रिक बनाने पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के आवास पर उत्सव का माहौल रहा। वहां लता संतवाणी, सरला संतवाणी, सरिता संतवाणी बबिता संतवाणी, पंखुड़ी संतवाणी मीना मोटवानी, रिम्पी ख़ानुजा सती राजपूत, महिमा ठाकुर लता श्रीवास, जैनब ख़ातून, महिमा ठाकुर अन्नपूर्णा ठाकुर, लता साहू सहित महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगा लड्डू खिलाकर प्रसन्नता का इजहार किया। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के घर सुबह से मुहल्ले की महिलाएं राज्यों के चुनाव परिणाम जानने टीवी स्क्रीन के सामने बैठी थीं।

लगभग 3.30 बजे जब रुझान परिणामों में बदलने लगे तो भाजपा की जीत पक्की होने पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर और लड्डू खिलाकर भाजपा की जीत पर बधाई दी। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की लोक कल्याणकारी सरकार पूरे देश में जीते और महिलाओं तथा किसानों का मान बढ़ाते रहें।

### संगठन के पहले केन्द्रीय अध्यक्ष मनानीत किए गए राजेश

## जिला मुख्यालय में हुआ हिन्दू शक्ति मंच का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला मुख्यालय में हिन्दू शक्ति मंच का गठन कर सदैव हिन्दुओं को संगठित रखने एवं हिन्दू धर्म की अस्मिता की रक्षा करने का संकल्प लेकर शंखनाद किया गया।

भारतीय समाज में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमले, हिन्दू देवी देवताओं का अपमान करने एवं मंदिरों को क्षतिग्रस्त करने जैसे दुष्कृत्य के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश के बेमेतरा मां भद्रकाली के नगरी में हिन्दू समाज के व्यक्तियों ने आपस में मिलकर हिन्दू शक्ति मंच के नाम से एक संगठन बनाया है। सर्व सम्मति से अधिवक्ता राजेश तिवारी को हिन्दू शक्ति मंच का केन्द्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया।



इस अवसर पर अधिवक्ता राजेश तिवारी ने कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, लेकिन यदि कोई व्यक्ति या समूह हमारे हिन्दू धर्म को आघात पहुंचायेगा, हिन्दू भाई-बहनों पर कोई अत्याचार करेगा या मंदिरों एवं प्रतिष्ठित हिन्दू देवी देवताओं को क्षति पहुंचाने की कोशिश करेगा, तो हम सब मिलकर उस व्यक्ति या समूह को करारा जवाब देंगे। हम संपूर्ण भारतीय समाज में हिन्दू धर्म और न्याय की स्थापना के लिए संघर्ष करेंगे। आने वाले समय में जो हिन्दू हित की बात करेगा वही भारत में राज करेगा इसलिए सभी हिन्दू भाई बहनों को संगठित होकर हिन्दुओं के सम्मान एवं रक्षा तथा भारत देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए सार्थक पहल करनी होगी एवं हिन्दू समाज को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए हिन्दुओं को अपना बहुमूल्य योगदान देने की भी आवश्यकता है। इस अवसर पर आमजनों को भोग-प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में हरजिंदर सिंग रंगी, ओमप्रकाश साहू, हरीष गंजीर, ललित निषाद, ध्रुव कुमार मार्केडेय, राजेश ठाकुर, खेमचंद जैन, अरुण चतुर्वेदी, पूनम चंद यादव, ललित साहू सहित बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

